आकाशवाणी जयपुर–अजमेर

प्रादेशिक समाचार

दिनांक : 29.09.2025 समय : 01:00 पी.एम.

00000

मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा आज सांगानेर विधानसभा क्षेत्र के खरबास चौराहे पर विभिन्न विकास कार्यो और एक एलिवेटेड रोड का लोकार्पण और शिलान्यास करेंगे। इस अवसर पर श्री शर्मा आंगनबाडी सामग्री और स्कूटी वितरण भी करेंगे। साथ ही एम्बुलेंस को हरी झंडी दिखाकर रवाना करेंगे। इसके बाद मुख्यमंत्री जयपुर के नारायण विहार, पत्रकार कॉलोनी और खोरा बीसल सहित तीन थानों का उद्‌घाटन करेंगे। श्री शर्मा दोपहर में सांगानेर स्टेडियम में आयोजित एक अन्य कार्यक्रम में 170 करोड़ रुपये से अधिक के विकास कार्यों का शिलान्यास और लोकार्पण भी करेंगे। इसके साथ ही मुख्यमंत्री त्रिवेणी पुलिया शनि मन्दिर के पास आयोजित एक कार्यक्रम में रिद्धि–सिद्धि एलीवेटेड रोड का भूमि पूजन भी करेंगे।

0000

केन्द्रीय रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने आंतरिक और बाहरी सुरक्षा चुनौतियों से निपटने के लिए तत्काल तैयारी की आवश्यकता पर बल दिया है। आज नई दिल्ली में भारतीय तटरक्षक कमांडरों के सम्मेलन को संबोधित करते हुए, श्री सिंह ने कहा कि रक्षा बलों को बहुआयामी सुरक्षा खतरों से निपटने के लिए तैयार रहना चाहिए। उन्होंने इस बात पर प्रकाश डाला कि आज के समय में चुनौतियाँ स्थिर होने के बजाय अधिक गतिशील हैं। उन्होंने स्वचालित प्रतिक्रिया प्रणालियों को एकीकृत करने की आवश्यकता पर भी ज़ोर दिया।

0000

केंद्र सरकार ने पीएम ई–ड्राइव योजना के अंतर्गत पूरे देश में लगभग 72 हजार 300 सार्वजनिक इलेक्ट्रिक वाहन चार्जिंग स्टेशन स्थापित करने के दिशा–निर्देश जारी किये हैं। भारी उद्योग मंत्रालय के अनुसार, यह स्टेशन सरकारी परिसरों, राजमार्गों, सार्वजनिक परिवहन केंद्रों और वाणिज्यिक परिसरों में स्थापित किये जायेंगे। इसके तहत सरकारी कार्यालय, आवासीय कॉलोनियाँ, अस्पताल और शैक्षणिक संस्थानों में बुनियादी ढाँचे और चार्जिंग उपकरणों पर 100 प्रतिशत सब्सिडी मिलेगी। राजमार्ग और एक्सप्रेसवे के किनारे शॉपिंग मॉल, बाज़ार और सड़क किनारे चार्जिंग स्टेशन के बुनियादी ढांचे पर 80 प्रतिशत सब्सिडी मिलेगी। सब्सिडी दो किस्तों में वितरित की जाएगी। इस योजना में दस लाख से अधिक आबादी वाले शहरों, राज्यों की राजधानियों, स्मार्ट शहरों, मेट्रो से जुड़े सैटेलाइट शहरों और उच्च घनत्व वाले परिवहन गलियारों को प्राथमिकता दी गई है।

0000

आज नवरात्र का सातवाँ दिन है। देशभर में महा सप्तमी मनाई जा रही है। सप्तमी के सबसे महत्वपूर्ण अनुष्ठानों में से एक है कलबाऊ या नव पत्रिका स्नान, जिसका दुर्गा पूजा समारोहों में विशेष स्थान है। महा सप्तमी हमें याद दिलाती है कि आंतरिक शक्ति और साहस नकारात्मकता पर विजय प्राप्त कर सकते हैं। यह केवल एक धार्मिक अनुष्ठान नहीं है, बल्कि दृढ़ता, सकारात्मकता और ईश्वर में अटूट विश्वास का उत्सव है।

0000

रेलवे प्रशासन दीपावली और छठ पूजा पर यात्री भार को देखते हुए भगत की कोठी–हुबली वीकली फेस्टिवल एसी स्पेशल ट्रेन का मंगलवार से संचालन करेगा। ये ट्रेन 28 अक्टूबर तक आवागमन में पांच ट्रिप करेगी। डीआरएम अनुराग त्रिपाठी ने बताया कि भगत की कोठी–हुबली वीकली स्पेशल ट्रेन कल से 28 अक्टूबर तक भगत की कोठी से प्रत्येक मंगलवार सुबह 7 बजकर 50 मिनिट पर रवाना होकर बुधवार को दोपहर सवा तीन बजे हुबली पहुंचेगी। इसी प्रकार ये ट्रेन 28 सितंबर से 26 अक्टूबर तक हुबली से प्रत्येक रविवार शाम साढे सात बजे रवाना होकर मंगलवार सुबह साढे पांच बजे भगत की कोठी आयेगी।

0000

चूरू ज़िले के ताल छापर कृष्ण मृग अभ्यारण्य में इस बार कज़ाकिस्तान और रूस से विदेशी पक्षी हेरियर का एक दल प्रवास के लिए आया है। ये पक्षी कई साल पहले अक्टूबर के अंतिम सप्ताह में यहां आया करते थे परंतु इस बार पहली बार 300 से ज्यादा पक्षी प्रवास के लिए आए हैं। पक्षी विशेषज्ञों का मानना है कि इस बार अभ्यारण्य में अधिक बारिश होने से मोथीया घास ज्यादा उगी है, जिसमें पनपे कीड़े मकोड़े हेरियर पक्षियों का पसंदिदा मुख्य भोजन है, इसी वजह से इतनी बड़ी संख्या में हेरियर पक्षी यहां आये है।

0000

अखिल भारतीय राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ का 9वां त्रिवार्षिक राष्ट्रीय अधिवेशन 5 से 7 अक्टूबर तक जयपुर के जामडोली स्थित केशव विद्यापीठ में आयोजित होगा। इस तीन दिवसीय आयोजन में देशभर के 29 राज्यों से लगभग 3 हजार 200 शिक्षक प्रतिनिधि शामिल होंगे।

0000